421

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

2023–24

# राजनीति विज्ञान(सैद्वान्तिक)

# XII

समयः 3 घण्टे | पूर्णांकः 80

निर्देशः (i) इस प्रश्न पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या । बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न के उत्तर में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर –पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न है।

(v) प्रश्न संख्या 8 से 12 तक प्रत्येक का उत्तर 40 शब्दों में दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या 13 से 20 तक प्रत्येक का उत्तर 100 शब्दों में दीजिए।

(vii) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक प्रत्येक का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए।

(viii) इस प्रश्न पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

1: (क) 1917 में रूस में समाजवादी गणराज्य की स्थापना किसने की थी?– 1

(A)कार्लमार्क्स (B) स्टालि

(C) लेनिन (D) खुश्चेव

(ख) "खुले द्वार" की नीति से किस देश की अर्थव्यवस्था ने अद्भुत प्रगति की और आगामी सालों में एक बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में उभरा ? 1

(A)रूस (B) जर्मनी

(C) फ्रॉस (D) चीन

(ग) भारत से शान्ति सेना श्रीलंका कब भेजी गयी थी? 1

(A)1989 (B) 1990

(C) 1987 (D) 1985

(घ) किस भाषा के आधार पर 1953 में आंध्रप्रदेश राज्य का गठन किया गया था? 1

(A)तेलगु (B) मलयालम

(C) कन्नड़ (D) तमिल

(ड.) भारत में परमाणु कार्यक्रम की शुरूआत किस वैज्ञानिक द्वारा की गयी? 1

(A)अब्दुल कलाम (B) सर सी0 वी0 रमन

(C) होमी जहांगीर भाभा (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

(च) निम्नलिखित में से कौन–सा खतरे का नया स्रोत है– 1

(A)आतंकवाद (B) वैश्विक–तापवृद्धि

(C) वैश्विक निर्धनता (D) उपरोक्त सभी

(छ) 1975 में संसद मार्च का नेतृत्व किसने किया – 1

(A)राममनोहर लोहिया (B) इंदिरागॉधी

(C) के0 कामराज (D) जयप्रकाश नारायण

(ज)जुलाई 1985 में पंजाब में शान्ति स्थापित करने के लिए किनके बीच पंजाब समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे ? 1

(A)राजीव गांधी और सुरजीत लोंगोवाल

(B) राजीव गांधी और संतसिंह लोंगोवाल

(C) राजीव गांधी और तारासिंह लोंगोवाल

(D) राजीव गांधी और हरचंद लोंगोवाल

(झ) अभिकथन (A): वैश्वीकरण व्यापार, पूंजी, तकनीकी हस्तांतरण सूचना प्रवाह द्वारा देश की अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय है।

कारण (R): वैश्वीकरण की प्रक्रिया से स्थानीय संस्कृतियों पर पहचान का संकट उत्पन्न हुआ है। 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण(R)अभिकथन(A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण(R)अभिकथन(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत हैं।

(D) अभिकथन(A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही हैं।

(ञ) A: भारत ने महाशक्तियों पर व्यापक परमाणु निशस्त्रीकरण के लिए जोर दिया, लेकिन फिर भी भारत के एन0 पी0 टी0 एवं सी0 टी0 बी0 टी0 पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया।

कारण (R): ये संधियां विशेष रूप से गैर–परमाणु शक्तियों पर लागू होती थी और परमाणु शक्ति संपन्न पांच शक्तियों के एकाधिकार को बैध बनाती है। 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण(R)अभिकथन(A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण(R)अभिकथन(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत हैं।

(D) अभिकथन(A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही हैं।

2. भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष कौन थे? 1

3. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में कितने न्यायधीश होते है? 1

4. पृथ्वी सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन जैवविविधता और वानिकी के सम्बंध में निर्धारित नियमाचार को किस नाम से जाना जाता है? 1

5. मंडल आयोग की सिफारिशे किस मुद्दे से सम्बन्धित है? 1

6. 1969 के राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी कौन थे? 1

7. वैश्वीकरण के विरोध में निर्मित विश्वव्यापी मंच का नाम लिखिये। 1

8. आसियान (ASEAN) क्या है? स्पष्ट कीजिए। 2

9. विकास एवं नियोजन के लिए केरल मॉडल के कोई दो बिन्दु लिखिए, जिनपर अधिक जोर दिया गया। 2

10. सुरक्षा परिषद में निषेधाधिकार (Veto) का क्या अर्थ है? 2

11. मैग्डोनाल्डीकरण से आप क्या समझते हो? 2

12. वैश्विक संपदा से क्या आशय है? 2

13. यूरोपीय संघ पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

14. मूलवासियों ने अपने अधिकारों के लिए किस प्रकार संघर्ष किया। व्याख्या कीजिए। 3

15. संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के नए सदस्यों के लिए प्रस्तावित किन्ही चार मापदण्डों का परीक्षण कीजिए। 3

16. कांग्रेस का सामाजिक और विचारात्मक गठबंधन के रूप में मूल्यांकन कीजिए। 3

17. कोई दो कारण उजागर कीजिए। जिन्हें आप 1969 में हुए कांग्रेस पार्टी के विभाजन के लिए उत्तरदायी मानते हैं? 3

18. 1975 के आपातकाल के आस–पास की अवधि को संवैधानिक संकट की अवधि के रूप में क्यों जाना जाता है? कोई एक कारण की व्याख्या कीजिए। 3

19. गठबंधन सरकारें किस प्रकार अधिक लोकतांत्रिक होती है? स्पष्ट कीजिए। 3

20. 2014 के चुनावों के बाद ाारतीय राजनीति में आए। किन्ही चार बदलावों को स्पष्ट कीजिए?– 3

21. सोवियत संघ के विघटन के क्या कारण थे? 5

अथवा

शौक थिरेपी क्या थी? इसके परिणामों का उल्लेख कीजिए।

22. दक्षिण एशिया के छोटे देशों और भारत के पारस्परिक सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए? 5

अथवा

दक्षेस (सार्क) को मजबूत संगठन के रूप में स्थापित करने में भारत किस प्रकार की भूमिका निभा सकता है? स्पष्ट कीजिए।

23. आजादी के पश्चात भारत में राष्ट्र–निर्माण की चुनौतियों का विवरण दीजिए। 5

अथवा

भारतीय संघ में रजवाड़ों का विलय किस प्रकार हुआ?स्पष्ट कीजिए।

24. द्रविड़ आन्दोलन क्या था? इसके परिणाम क्या रहे? 5

अथवा

असम आंदोलन सांस्कृतिक अभिमान और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली–जुली अभिव्यक्ति था। व्याख्या कीजिए।

25. भारत पाक सम्बंधों में अन्तर्निहित समस्याओं को स्पष्ट कीजिए, जो भारत –पाक सम्बंधों में बार–बार कटुता उत्पन्न करती है। 5

अथवा

भारत की परमाणु नीति का विश्लेषण कीजिए।

26. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढिए और अधेलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः

मानवता की सुरक्षा के सभी पैरोकार मानते हैं कि इसका प्राथमिक लक्ष्य व्यक्तियों की संरक्षा है। बहरहाल इस बात पर मतभेद हैं कि ठीक–ठीक ऐसे कौन से खतरे हैं जिनसे लोगों को बचाया जाना चाहिए। मानवता की सुरक्षा का संकीर्ण अर्थ लेने वाले पैरोकारों का जोर लोगों को हिंसक खतरों यानी खून–खराबे से बचाने पर होता है।

(i)मानवता की सुरक्षा की मुख्य चिंता कौन से प्रकार की सुरक्षा है? 1

(ii) मानवता की सुरक्षा के व्यापक अर्थ में, आप क्या शामिल करना चाहेंगे? स्पष्ट कीजिए। 2

(iii) ऐसे चार खतरों की पहचान कीजिए, जिनसे लोगों को बचना चाहिए। 2